[19/12/2019] परिशिष्ट -

प्रश्न सं. [क्र. 1407]

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक / स्टेनो. / 2019–20 / 4217 मण्डला दिनांक :– 29-11-19

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मण्डला।

विषय :–स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था बावद्।
संदर्भः– आपका पत्र क्र. / 3151 / तक. / का.यं. / लो.स्वा.यां. / 2019 मण्डला दिनांक 28.11.2019।

उपरोक्त संदर्भित पत्रानुसार आपके द्वारा चाही गयी जानकारी निम्नानुसार है:–

प्रश्नः–(क) क्या मण्डला जिलो फ्लोराईड जोन है तथा अधिकांश जगहों पर (हार्डवाटर) कठोर पानी होने की वजह से लोगों को हड्डी संबंधित बीमारी, दांतों का हिलना, पेट संबधी बीमारी, पेट के अल्सर, पाईल्स से ग्रसित मरीजों की संख्या बहुतायत में पायी गयी है।

उत्तरः– प्रश्नांश (क) में उल्लेखित बीमारियों जैसे पेट के अल्सर एवं पाईल्स से संबंधित बीमारी का संबंध फ्लोराईड प्रभावित जल से नहीं है, शेष बीमारियां जैसे हड्डी संबंधित बीमारी, दांतों का हिलना, पेट संबंधित बीमारी आदि के कई विभिन्न कारण से होते हैं।

प्रश्नः–(ख) क्या मण्डला जिले में दिनांक 07.11.2019 से 14.11.2019 तक आयोजित रोटरी राहत का समापन हुआ जिसमें इस बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या सब से ज्यादा पायी गई है। क्या मण्डला जिले में सभी ग्रामों में स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हैं।

उत्तरः– दिनांक 07.11.2019 से 14.11.2019 तक आयोजित रोटरी राहत का समापन हुआ। जिसमें प्रश्नाश (क) से संबंधित ग्रसित बीमारी से संबंधित मरीजों की जानकारी निम्नानुसार है:–

क्रमांक	बीमारी का नाम	सर्जरी किये गये मरीजों की संख्या
1	हड्डी संबंधित बीमारी	72
2	दांतों का हिलना	1666
3	पेट संबंधी बीमारी	142
4	पेट के अल्सर	--
5	पाईल्स	21

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – मण्डला (म.प्र.)